# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 72/2023

## इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा छात्रहित में इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक वैसे परीक्षार्थी जिनका सूचीकरण संख्या तीन शैक्षणिक सत्र यथा–2019–21, 2020–22 एवं 2021–23 के लिए मान्य है, वे अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से समिति की वेबसाईट seniorsecondary.biharboardonline.com पर दिनांक 23.03.2023 से 27.03.2023 तक ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।** परीक्षा आवेदन भरने वाले छात्र/छात्रा का निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। समिति की उक्त वेबसाईट पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र अपलोड है। शिक्षण संस्थान के प्रधान परीक्षा आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्रा को उपलब्ध करायेंगे और उनसे विधिवत् भरा हुआ परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त कर समिति की उक्त वेबसाईट पर निर्धारित अवधि में ऑनलाईन भरना एवं निर्धारित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**2. इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं–**

**(i) <u>नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थी</u>** – इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, सत्र 2021–23 के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के सूचीकृत नियमित/स्वतंत्र कोटि के वैसे छात्र/छात्रा, जो Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण हैं, परन्तु संबंधित शिक्षण संस्थान में उनके द्वारा परीक्षा आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के बावजूद शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण अथवा किसी अन्य अपरिहार्य कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया और जिसके कारण छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हों, तो वैसे छूटे हुए सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा को, अपवादस्वरूप विशेष मौका देते हुए, इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थी के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाता है। उन्हें वार्षिक परीक्षा, 2023 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। उनकी प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। Sent-up परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पात्र नहीं होंगे।

**(ii) <u>पूर्ववर्ती (Ex-Student) कोटि के परीक्षार्थी</u>** – सत्र 2019–21 अथवा 2020–22 के लिए सूचीकृत वैसे छात्र/छात्रा, जो परीक्षा में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण रहें हों और वर्ष 2023 की वार्षिक परीक्षा में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखते थे, परन्तु शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण अथवा किसी अन्य कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हों, तो वैसे छूटे हुए सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा को, अपवादस्वरूप विशेष मौका देते, हुए कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाता है। उन्हें वार्षिक परीक्षा, 2023 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। उनकी प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

**(iii) <u>इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2023 में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध में</u>** – इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश अपने एक अथवा सभी विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित रहें हों, तो वैसे परीक्षार्थी को अपवाद स्वरूप इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस कोटि के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। इस कोटि के परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2023 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय होगा।

**(iv) <u>इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के संबंध में</u>** –

**(क) <u>इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2023 में 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक/वैकल्पिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुपस्थित परीक्षार्थी को कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के संबंध में</u>** – इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश अधिकतम दो विषयों की मात्र सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुपस्थित रहे हों, तो वैसे परीक्षार्थी को अपवाद स्वरूप इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में उन अनुपस्थित अधिकतम दो विषयों की परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस कोटि के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2023 में ली गयी प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा, 2023 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा, 2023 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होगा।

ऐसे परीक्षार्थी उपर्युक्त उप कंडिका (iii) के आलोक में सभी विषयों की सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं में भी सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं।

**(ख)** वैसे विद्यार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होकर 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक/वैकल्पिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुत्तीर्ण हुए हों और इस कारण उनका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित है, तो वे पहले अवसर का लाभ लेकर कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में उस अनुत्तीर्ण विषय/विषयों (अधिकतम दो विषय) की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों को श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय नहीं होगी। वे अगले वर्ष फरवरी/मार्च में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा, 2024 में दूसरे तथा अप्रील/मई 2024 में संभावित कम्पार्टमेंटल/विशेष परीक्षा, 2024 में तीसरे व अंतिम अवसर का लाभ ले सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषय की परीक्षा नहीं ली जायेगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2023 में ली गई प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा, 2023 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं।

**(ग)** वैसे विद्यार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होकर 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक/वैकल्पिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुत्तीर्ण रहे हों और इस कारण उनका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित है और यदि पहले अवसर का लाभ लेकर कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2022 में अथवा दूसरे अवसर का लाभ लेकर वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण रहे हों, तो वे तीसरे अवसर का लाभ लेकर कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में उस अनुत्तीर्ण विषय/विषयों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इस हेतु विद्यार्थी अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों को श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होंगी। इस कोटि के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा नहीं ली जायेगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2022 में ली गई प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा, 2022 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे।

**(v)** उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण कतिपय परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (स्क्रूटिनी) हेतु ऑनलाईन आवेदन भरते हैं साथ ही कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में भी सम्मिलित होते हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से भर देते हैं। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि **<u>यदि उत्तरपुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (Scrutiny) के उपरांत किसी परीक्षार्थी के अंकों में परिवर्तन के पश्चात वे उत्तीर्णता प्राप्त करते हैं, तो उनका इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 का परीक्षाफल ही मान्य होगा न कि कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 का परीक्षाफल।</u>**

**(vi) <u>इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में समुन्नत कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के संबंध में</u>** – इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में उत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में समुन्नत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना चाहते थे, परन्तु किसी कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया हो और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए हों, तो वैसे परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के रूप में अपने एक अथवा सभी विषयों (प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक), जिसमें वे उत्तीर्ण हैं, की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे। ऐसे परीक्षार्थी वर्ष 2024 की वार्षिक परीक्षा में सम्मुन्नत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं।

**(vii) <u>इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में क्वालिफाईंग (Qualifying) कोटि के परीक्षार्थी के संबंध में</u>** – बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी उन विषयों, जिनमें वह उत्तीर्ण है, के अलावे किसी एक अन्य विषय की परीक्षा में इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं। इस हेतु कक्षा में उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी, किन्तु प्रायोगिक परीक्षा वाले विषय (संगीत एवं गृह विज्ञान को छोड़कर) में उसे न्यूनतम 01 (एक) वर्ष के प्रायोगिक कार्य का पाठ्यक्रम शिक्षण संस्थान में पूर्ण किया होना अनिवार्य है। इस कोटि के परीक्षार्थी के प्रायोगिक विषय की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

**3.** +2 स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि यदि किसी शिक्षण संस्थान के छात्र/छात्रा को इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित कराने के संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित किया गया हो, तो वैसे शिक्षण संस्थान के प्राचार्य/छात्र–छात्रा न्यायादेश की छाया प्रति के साथ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परीक्षा नियत्रंक (उ०मा०) के कार्यालय में **दिनांक 27.03.2023 को** अनिवार्य रूप से सम्पर्क करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि न्यायादेश के आलोक में यथा. उपयुक्त कार्रवाई की जा सके। उक्त निर्धारित तिथि को यदि किसी शिक्षण संस्थान के प्राचार्य/छात्र–छात्रा द्वारा इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो उनका दावा मान्य नहीं होगा और इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित शिक्षण संस्थान/छात्र–छात्रा की होगी।

**4. <u>इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 हेतु परीक्षार्थी से लिये जाने वाले निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण</u>** –

| मद | प्रति परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क |
|---|---|
| परीक्षा आवेदन–पत्र का शुल्क | रु0 150/– |
| परीक्षा शुल्क | रु0 260/– |
| लोकल लेवी | रु0 480/– |
| अंक–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| औपबंधिक प्रमाण–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| प्रव्रजन (Migration) प्रमाण–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) +2 विद्यालय/महाविद्यालय के बैंक खाता में जमा होगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा। | रु0 30/– |
| **ऑनलाईन शुल्क सहित कुल परीक्षा एवं अन्य शुल्क** | **रू0 1430/–** |
| कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के समुन्नत एवं क्वालिफाइंग परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रू0 340/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रू0 340/– |
| सिर्फ व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी के लिए व्यावहारिक परीक्षा शुल्क | रु0 400/– |

### विभिन्न कोटि के परीक्षार्थी के लिए कुल निर्धारित शुल्क विवरण –

| परीक्षार्थी की कोटि | मद | समिति के खाते में जमा करने हेतु प्रति विद्यार्थी निर्धारित शुल्क | प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला ऑनलाईन शुल्क (जो संस्थान द्वारा रखा जाएगा) | प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| नियमित/स्वतंत्र, पूर्ववर्ती परीक्षार्थी (जो प्रथम बार आवेदन भरेंगे) के लिए | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 1400/–मात्र | रू० 30/– | रू० 1430/– |
| समुन्नत एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के लिए | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क सहित) | रू० 1740/–मात्र | रू० 30/– | रू० 1770/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियमित कोटि के परीक्षार्थी के लिए | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 1800/– मात्र | रू० 30/– | रू० 1830/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के लिए | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 2140/– मात्र | रू० 30/– | रू० 2170/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी के लिए | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 1460/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) | रू० 30/– | रू० 1490/– |
| पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) के लिए | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 1060/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) | रू० 30/– | रू० 1090/– |
| इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में (कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में) सम्मिलित होने के लिए | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 930/– मात्र 1. चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है। 2. परीक्षा शुल्क का मात्र 50% (प्रतिशत) ही देय है। | रू० 30/– | रू० 960/– |

**नोट : (1) ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) +2 विद्यालय/महाविद्यालय के बैंक खाता में जमा होगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।**

**(2)** इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के केवल नियमित (Regular) श्रेणी के SC, ST तथा EBC कोटि के छात्र/छात्राओं के द्वारा परीक्षा शुल्क रु0 260/– (दो सौ साठ रुपये मात्र) नहीं दिया जाना है, चूँकि उन्हें इस शुल्क का भुगतान करने से छूट है।

**5. <u>ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु लॉगिन करने के संबंध में</u>** – ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करने के लिए महाविद्यालय/+2 विद्यालय के प्रधान को समिति द्वारा यूज़र आई0डी0 एवं पासवर्ड जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से पूर्व में ही उपलब्ध कराया जा चुका है। यूज़र आई0डी0 एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति की वेबसाईट **seniorsecondary.biharboardonline.com** पर लॉगिन करेंगे।

लॉगिन के उपरान्त महाविद्यालय/+2 विद्यालय के यूजर पोर्टल में Intermediate Compartmental-cum-Special Examination, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं का डाटा विवरणी उपलब्ध रहेगा, जिसे क्लिक करने पर छात्र/छात्राओं के उपलब्ध विवरणी की जाँच कर परीक्षा आवेदन भरने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**6. <u>छात्र/छात्राओं से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन :–</u>**

उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात् परीक्षा आवेदन में विद्यार्थी का विवरण, अपलोड किये गये फोटो तथा हस्ताक्षर के साथ पूरा परीक्षा आवेदन दिखेगा।

**7. <u>परीक्षार्थी के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में</u>** –जिन परीक्षार्थी का इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित परीक्षार्थी का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

**(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :–**
Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो। 400-500 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)
Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm
Background :- Plain White or Light Green
Image dpi = 300

**(ii)** स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5 cm width x1cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

**8. <u>ऑनलाईन परीक्षा भरे जाने की प्रक्रिया:–</u>**

1 Login → 2 Form fillup → 3 Verification of Student → 4 Payment → 5 Payment Verification → 6 Student list/ Filled form of student → 7 Logout

**(i) <u>शुल्क जमा करने की प्रक्रिया :–</u>**
शिक्षण संस्थान के प्रधान, जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पूर्व से प्राप्त महाविद्यालय/+2 विद्यालय का User ID एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति की वेबसाईट– **seniorsecondary.biharboardonline.com** पर Login कर परीक्षा शुल्क भुगतान के लिए "Make Payment" पर क्लिक करेंगे, जो वेबसाईट के होम पेज पर दाहिने भाग में "Quick link" में उपलब्ध रहेगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान निम्नांकित माध्यम से किया जा सकता है –

**(ii) ऑनलाईन भुगतान** :–ऑनलाईन पेमेन्ट डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा किये गये ऑनलाईन भुगतान के संबंध में अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेना आवश्यक है।

**(iii) समिति की वेबसाईट– seniorsecondary.biharboardonline.com** पर यूजर मैनुअल उपलब्ध रहेगा।

**9.** उपर्युक्त के अनुसार इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सूचीकृत एवं सेन्टअप परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी का शिक्षण संस्थान के प्रधान **दिनांक–23.03.2023 से 27.03.2023 तक** की अवधि में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरना एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**10.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्प लाइन नं0–0612–2230039** पर सूचित करके समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

**अतः सभी संबंधितों से अनुरोध है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन एवं शुल्क ऑनलाईन भरे जाने की प्रक्रिया में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।**

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**